भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3809

11 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

छावनी बोर्डों संबंधी समिति

3809. श्री संतोख सिंह चौधरी:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या छावनी बोर्डों के कामकाज संबंधी विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक सार्वजनिक किए जाने की संभावना है, और

(ग) यदि नहीं, तो विशेषज्ञ समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कौन सी तिथि निर्धारित की गई है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख): 'छावनी बोर्ड की कार्यप्रणाली' पर एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई है एवं समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है जो कि मंत्रालय में जांच के अधीन है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****